हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 30 जनवरी 2024

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 अवैध हथियार के साथ आरोपी को पुलिस ने खेत से ...



07 आनन फानन में बांटी बीते शिक्षण सत्र की गणवेश...



## खबर संक्षेप

### ईवीएम व एफएलसी के लिए अधिकारियों को सौंपे गए कार्य

**सागर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए ईव्हीएम मशीनों की एफ.एल.सी. के कार्य 29 जनवरी से कराने के निर्देश दिये गए है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईव्हीएम, एफएलसी सुपरवाईजर एवं नोडल अधिकारी को कार्य सौपें है। इसके अंतर्गत ईव्हीएम एफएलसी सुपरवाईजर के लिए डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी, नोडल अधिकारी ईव्हीएम के लिए प्रभारी कार्यपालन यंत्री अनिरूध्द आनंद एवं सहायक नोडल अधिकारी के लिए प्रशिक्षण अधिकारी आईटीआई मुकेश पटेल होंगे।

### पीएम यशस्वी योजना में आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी

**सागर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित पी.एम. यशस्वी योजना अंतर्गत श्टॉप क्लास एजुकेशन इन स्कूल फॉर ओबीसी, ईबीसी एंड डीएनटी कम्युनिटीश योजना में आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2024 है। योजना में भारत सरकार सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा प्रदेश के चयनित शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 9वी एवं 11वी के पिछड़ा वर्ग तथा विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ जाति के विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं, पात्र विद्यार्थियों को मेरिट आधार पर चयनित किया जा कर कक्षा 9वी एवं 10वी के विद्यार्थी को अधिकतम 75 हजार रुपए एवं कक्षा 11वी एवं 12वी के विद्यार्थियों को अधिकतम एक लाख 25 हजार रुपए छात्रवृत्ति के रूप में डीबीटी के माध्यम से संबंधित विद्यार्थी को उनके एकल बैंक खातों में अंतरित की जाएगी। उक्त जानकारी सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण श्रीमती सपना चौरसिया द्वारा दी गई।

### आयुष्मान कार्ड से निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा

**सागर।** राज्य शासन द्वारा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना संचालित की जा रहीं है। जन आरोग्य योजना का लाभ लेकर अनेक लोग अब निजी अस्पतालों में अपना मुफ्त इलाज करा रहे है। पैसों के अभाव में निजी अस्पतालों में अपना इलाज नही करा पाने वाले हितग्राहियों के लिए आयुष्मान कार्ड वरदान साबित हुआ है। आयुष्मान कार्ड से लोगो को निजी अस्पतालों में भी अपना 5 लाख तक का मुफ्त इलाज कराने की सुविधा मिल रही है। आयुष्मान कार्ड भविष्य में किसी भी प्रकार की बीमारी या दुर्घटना होने पर मददगार होता है। आयुष्मान कार्ड से वे निजी अस्पताल में भी अपना 5 लाख तक का मुफ्त इलाज करा सकते है। राज्य शासन ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना चलाकर अनेक जरूरतमंद लोगो की बीमारी या दुर्घटना होने पर मददगार सबित हुई है।

## एमसीसी मैदान में गायक नीरज श्रीधर ने बांधा समा

# मालथौन में धूमधाम से मनाया गया गौरव दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मालथौन के एम.सी.सी मैदान में आयोजित प्रसिद्ध मालथौन गौरव दिवस 2024 का शुभारंभ युवा नेता अबिराज सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता लखन सिंह, अशोक सिंह बामोरा ने दीप प्रज्वलित कर किया। गौरव दिवस कार्यक्रम में मुंबई से आए विख्यात पार्श्व गायक और कंपोजर नीरज श्रीधर ने सुपरहिट मूवी भूल भुलैया, भूल भुलैया-2, अजब प्रेम की गजब कहानी के सुपरहिट गीतों के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समा बांधा। उन्होंने कॉलर ट्यून बेबी, चोर बजारी जैसी प्रस्तुतियों से युवाओं में उत्साह भरा। रविवार की शाम मालथौन के एमसीसी मैदान में भव्य अलौकिक आतिशबाजी के साथ सांध्य बेला में प्रसिद्ध गायक नीरज श्रीधर और उनकी आर्केस्ट्रा टीम की शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के नाम रही। उन्होंने क्रमशः लव मेरा हिट हिट, तुम मिले, कॉलर ट्यून, भूलभुलैया, जैसे चर्चित नग्मे गाते हुए एक से एक गज़ब फिल्मी और गैर फिल्मी गीत सुनाए। यंहा हजारों की संख्या में उपस्थित दर्शकों ने कभी उनके गीतों पर डांस किया तो कभी उनके सुर में सुर मिलाए।



युवा नेता अबिराज सिंह ने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा कि मालथौन गौरव दिवस पर आप सभी अपने परिवार के सदस्यों के साथ आए मैं आप सभी का भूपेन्द्र भैया की ओर से दूसरे गौरव दिवस पर स्वागत करता हूं वंदन करता हूं अभिनंदन करता हूं। इसी के साथ अपना संदेश देने से पहले यह जरूरी है कि मैं आप सभी को धन्यवाद दूं और सभी को शुभकामनाएं दू क्योंकि आप सभी के आशीर्वाद से आप सभी के विश्वास से आपके भूपेन्द्र भैया लगातार तीसरी बार रिकार्ड मतों से विजयी हुए हैं। मैं आप सभी को धन्यवाद देता हूं आप सभी को शुभकामनाएं देता हूं कि हमने जो विकास की शुरुआत की थी उसे विकास के पथ पर निरंतर जारी रखेंगे।उल्लेखनीय है कि पूर्व मंत्री व खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह की परिकल्पना से मालथौन महोत्सव के नाम से पूरी विधानसभा के साथ साथ प्रदेश और देश में ब्रांड बन गया है। मुंबई के एक से बड़कर एक फिल्मी सिंगर भजन गायक बीते वर्षों में अपने हुनर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर चुके हैं।ज्ञातव्य है, कि मालथौन के प्रथम गौरव दिवस में पार्श्व गायिका चेतना भारद्वाज ने अपनी प्रस्तुतियां दी थीं। इस वर्ष मालथौन के गौरव दिवस में पार्श्व गायक नीरज श्रीधर ने अपनी प्रस्तुतियों से जनता का मन मोह लिया। नीरज श्रीधर भारतीय फिल्म पार्श्व गायक के साथ संगीतकार और गायक-गीतकार भी हैं। श्रीधर भारतीय पॉप और रॉक समूह बॉम्बे वाइकिंग्स के प्रमुख गायक भी रहे हैं। इसके साथ ही नीरज श्रीधर ने बॉम्बे वाइकिंग्स "क्या सूरत है", "वो चली" और "छोड़ दो आंचल" जैसे शानदार रीमिक्स हिट दिए हैं।

कार्यक्रम का संचालन बहादुर सिंह राजपूत ने किया। इस अवसर पर जयंत सिंह बुंदेला नगर परिषद अध्यक्ष, मालती धर्मेंद्र अहिरवार नगर परिषद् उपाध्यक्ष, दुर्ग सिंह परिहार, बाबूसिंह सिसोदिया, रावराजा सिंह राजपूत, गोविंद सिंह राजपूत नेंगवा, मनोहर सोनी, राजेंद्र सिंह लोधी, योगेश कुमार जैन, वीरसिंह यादव, बलवीर सिंह जनपद उपाध्यक्ष, रामकुमार सिंह बघेल मंडल अध्यक्ष, पुष्पेंद्र सिंह तोमर अटा, नीलकमल राजपूत पूर्व न पा अध्यक्ष, अजीज खां, जमना राय, आशीष पटेरिया, जिवेंद्र कुशवाहा, सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओ के साथ हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# सीएम राइज एमएलबी स्कूल में हुआ परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण स्थानीय सीएम राइज एमएलबी स्कूल में किया गया। जिसमें सांसद राजबहादुर सिंह तथा संयुक्त संचालक कार्यालय में पदस्थ सहायक संचालक डॉ.आशुतोष गोस्वामी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। विद्यालय के प्राचार्य विनय कुमार दुबे ने बताया कि प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को विद्यालय की छात्राओं और अभिभावको को लाइव प्रसारण दिखाने के लिए व्यवस्था की गई थी। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम सुनने के बाद विद्यालय की छात्राओं ने बताया कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम सुनने के बाद उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरणा मिली है परीक्षा का तनाव कम हो गया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य विनय कुमार दुबे, उप प्राचार्य डॉ वंदना खरे, विद्यालय के शिक्षक शीतलचंद जैन, राकेश जैन, प्रदीप पांडे, निर्मला उदेनिया, सविता बोहरे, प्रकाश कुर्मी, संतोष पटेल, बीएस राजपूत, शैलेंद्र सिंह, श्याम मनोहर वैद्य, सहित बड़ी संख्या में विद्यालय के शिक्षको और छात्राएं उपस्थित रही।



### 'मद्य निषेध संकल्प दिवस' का आयोजन आज

**सागर।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी के अवसर पर "मद्य निषेध संकल्प दिवस" का आयोजन किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य समाज में बढ़ती हुई मद्यपान, तथा नशीली दवा, मादक पदार्थ/द्रच्यों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों से युवाओं, विद्यार्थियों एवं समाज को अवगत कराया जाकर नशा छोडने के लिये प्रेरित किया जाना उन्हे मादक द्रव्य पान, गुटका, तम्बाकू, सिगरेट, मदिरा पान त्यागने हेतु संकल्प दिलाना है संकल्प लेने वालों से संकल्प पत्र भरवाने का कार्य किया जाना है तथा नशा प्रवृत्ति की रोकथाम हेतु जनजागृति एवं जन चेतना का निर्माण किया जाना है।



### डॉ संतोष शुक्ला को मिला कान्यकुब्ज रत्न सम्मान

**सागर।** श्री कान्यकुब्ज मण्डल,भोपाल में निराला भवन में आयोजित स्नेह सम्मेलन में डा. संतोष शुक्ला, संचालक (टीकाकरण), राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,भोपाल को अति विशिष्ट कान्यकुब्ज रत्न सम्मान उनकी प्रखर मेघा चिकित्सकीय ज्ञान प्रशासनिक क्षमताओं एवं दीर्घकालीन समाज अर्जित सुयश संचालक (टीकाकरण), राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, एम.पी. भोपाल (मध्य प्रदेश) के रुप में अलंकृत करते हुए श्री कान्यकुब्ज मंडल, भोपाल हर्षित और गौरवान्वित है। डा.शुक्ला को प्रदत्त सम्मान के पति समाज के सभी मूर्धन्य बंधु बांधवों, चिकित्सकों, वरिष्ठ समाज सेवियों, इष्ट मित्रों व आत्मीय सुधिजनों ने हार्दिक बधाई व शुभकामना दी है।

# प्रदेश मंत्री अग्रवाल ने गांव चलो अभियान को लेकर आयोजित कार्यशाला को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भारत गांव प्रधान देश है,भारत की आत्मा गांव में बसती है भारत की सर्वाधिक जनसंख्या गांव में निवास करती है इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते है भारत केवल विकसित गांव के साथ विकसित हो सकता हैं।

इसलिए मूल रूप से गांव को संकल्पना में रखते हुए प्रदेश के लगभग 53 हजार गांव व लगभग 17 हजार शहरी क्षेत्र के बूथों पर भाजपा पदाधिकारी जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता प्रवासी कार्यकर्ता के रूप 24 घंटे लिए गांव चलो अभियान के तहत गांव एवं बूथों पर प्रवास करेंगे व औपचारिक व अन औपचारिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। यह अभियान पूर्णतः आम जन के लिए समर्पित होगा जिसमें प्रवासी कार्यकर्ता प्रवास क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्याम से आम जन से संपर्क कर डबल इंजन की सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाएंगे। यह बात भाजपा प्रदेश मंत्री व गांव चलो अभियान के प्रदेश प्रभारी रजनीश अग्रवाल ने सागर के संभागीय भाजपा कार्यालय में आयोजित एक दिवसीय कार्य शाला को संबोधित करते हुए कही। कार्यशाला में जिला प्रभारी श्याम सुंदर शर्मा, सांसद राजबहादुर सिंह जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया, विधायक शैलेंद्र जैन, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, प्रदेश कार्य समिति सदस्य जाहर सिंह, जिला महामंत्री मोनू चौहान, अमित कचवाहा, जिला उपाध्यक्ष चैन सिंह ठाकुर, लोकसभा क्षेत्र के विस्तारक आशुतोषमुख्य रूप से शामिल हुए। कार्यशाला को जिला प्रभारी श्याम सुन्दर शर्मा जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया सांसद राजबहादुर सिंह, विधायक शैलेंद्र जैन ने भी संबोधित किया।




### प्रभारी डिप्टी कलेक्टर वर्मा ने दी सागर में उपस्थिति

**सागर।** प्रभारी डिप्टी कलेक्टर रोहित वर्मा ने आज स्थानांतरण के पश्चात प्रभारी कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रभारी डिप्टी कलेक्टर श रोहित वर्मा का स्थानांतरण पन्ना से सागर हुआ है।



### विवेकानंद शिक्षा निकेतन हाई स्कूल गौरझामर में विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**गौरझामर।** सागर जिले के गौरझामर में स्वामी विवेकानंद शिक्षा निकेतन स्कूल मे कक्षा दसवीं के बच्चो का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें हाई स्कूल के समस्त बच्चों द्वारा रोरी तिलक के साथ अपने वरिष्ठ भाइयों एवं बहनों का तिलक लगाकर स्वागत किया और विदाई समारोह मनाया गया। रूप सिंह पटेल प्रिंसिपल, ज्योति तिवारी, निकिता, अनुष्का दीक्षा, ललित विश्वकर्मा, शिक्षक आदि स्टाफ शामिल रहा।

### सेना व सिविलियन दौड़ में वरिष्ठ पूर्व सैनिक अधिकारी ने की 12 किलोमीटर की दौड़

**सागर।** सेवा एवं सिविलियन की समन्वय हेतु आयोजित 12 किलोमीटर लंबी दौड़ में पूर्व सैनिक अधिकारी ने लगातार 12 किलोमीटर की दौड़ में भाग लिया। शाहबाज डिविजन मैराथन दौड़ में कैप्टन (नौसेना) यूपीएस भदौरिया (से.नि.) जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सागर ने भी 12 कि.मी.दौड़ पूरी करी। उल्लेखनीय है कि कैप्टन (नौसेना) यूपीएस भदौरिया (से.नि.) उक्त मैराथन में सबसे अधिक उम्र के प्रतिभागी थे।

## सीएम हेल्पलाइन व टीएल के प्रकरणों के निराकरण के बाद पोर्टल पर बंद कराएं

# आयोग व जनप्रतिनिधियों के पत्रों का जवाब समय-सीमा में प्रस्तुत करें: प्रभारी कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सीएम हेल्पलाइन एवं समय-सीमा के प्रकरणों को बंद कराकर उनको पोर्टल पर अपलोड कराएं साथ में आयोग एवं जनप्रतिनिधियों के पत्रों का जवाब समय-सीमा में प्रस्तुत करें। उक्त निर्देश का प्रभारी कलेक्टर श्री चंद्रशेखर शुक्ला ने समय सीमा बैठक में दिए।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर फरहीन खान, डिप्टी कलेक्टर भव्या त्रिपाठी, सिटी मजिस्ट्रेट जूही गर्ग सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे। प्रभारी कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला ने निर्देश दिए कि सभी विभाग के अधिकारी सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों एवं समय सीमा के प्रकरणों का निराकरण कर पोर्टल पर अपलोड कराएं एवं जनसुनवाई में आने वाली शिकायतों का निराकरण करने के बाद उनका भी पोर्टल पर अपलोड करने की प्रक्रिया पूर्ण करें।



प्रभारी कलेक्टर शुक्ला ने कहा कि विभिन्न प्रकार के आयोगों एवं जनप्रतिनिधियों के पत्रों का जवाब समय-सीमा में तत्काल प्रस्तुत करें एवं व्यक्तिगत रूप से जन प्रतिनिधियों एवं आयोग को सूचित भी करें। प्रभारी कलेक्टर शुक्ला ने सभी विभागों के विभागीय अधिकारियों से उनके विभागों के संबंध में जानकारी भी प्राप्त की एवं आवश्यक निर्देश दिए।















खबर संक्षेप

## यातायात पुलिस ने की बाइक चालकों पर कार्रवाई



**टीकमगढ़।** यातायात पुलिस द्वारा मॉडीफाई साइलेंसर वाली मोटर साईकिल वाहन चालक के विरूद्ध की गयी कार्यवाही । एसपी रोहित काशवानी द्वारा मॉडीफाई साइलेंसर वाली मोटर साईकिल वाहन चालकों के विरूद्ध कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम के मार्गदर्शन यातायात पुलिस द्वारा मॉडीफाई साइलेंसर वाली मोटर साईकिल वाहन चालकों के विरूद्ध कार्रवाई कर मोटर साईकल क्रमांक एमपी 36 जेडडी 5295 वाहन चालक गुलराज बाल्मीकि पुत्र बादल बाल्मीकि व मोटरसाईकिल क्रमांक एमपी 36 एमएल 6963 वाहन चालक बृजेन्द्र बाज्मीकि पुत्र कुंजीलाल बाल्मीकि निवासीयान बाहरकोट ढोंगा टीकमगढ़ के विरुद्ध मॉडीफाई साइलेंसर की धाराओं में कार्यवाही की जाकर 1-1 हजार रूपये समन शुल्क बसूल किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी यातायात रक्षित निरीक्षक कैलाश पटेल, सूबेदार आर्या पाराशर, प्रधान आरक्षक लतीफ खान, आरक्षक अरविंद कुमार, अवधेश यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## नो एंट्री में घुसे भारी वाहनों पर हुई कार्रवाई



**टीकमगढ़।** पुलिस अधीक्षक टीकमगढ रोहित काशवानी द्वारा नो एंट्री में पाए गए भारी वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 29 जनवरी को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों से नो एंट्री में पाए गए भारी वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही कर ट्रक क्रमांक एमपी 20 जीए 5313 एवं ट्रक क्रमांक यूपी 78 एचएन3615के विरुद्ध 115/194(2) धारा में कार्यवाही की जाकर 5-5 हजार रूपये समन शुल्क वसूल किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी यातायात रक्षित निरीक्षक कैलाश पटेल, सूबेदार आर्या पाराशर, प्रधान आरक्षक लतीफ खान, आरक्षक अरविंद कुमार, अवधेश यादव, देशराज की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## हमलावर ने धारदार हथियार से की हत्या

**विदिशा।** थाना हैदरगढ़ अंतर्गत जोतपुर गांव में अज्ञात हमलावर ने कमल सिंह पिता विश्राम सिंह दरोई की हत्या कर दी। सुबह डायल हंड्रेड को सूचना मिल तो पुलिस मौके पर पहुंची। जोतपुर गांव पहुंचने पर पुलिस को पता चला की एक टपरे में एक व्यक्ति की लाश पड़ी है। जानकारी मिलने पर एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंची।

# अवैध हथियार के साथ आरोपी को पुलिस ने खेत से घेराबंदी करके किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

सोमवार के रोज एसपी के निर्देशन में कार्यवाही करते हुए जिला पुलिस द्वारा अवैध हथियार एवं उन्हें रखने वालों पर शिकंजा कसते हुए कार्यवाही को अंजाम दिया गया। इसके तहत पुलिस ने जिला मुख्या नजदीक के ग्राम से आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।



कांबिंग गस्त विशेष अभियान चलाया गया था। जिसके तहत 28 जनवरी को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने जिला बदर आरोपी तुलाराम पुत्र पृथ्वी यादव निवासी लखौरा का अपने बिछिया वाले खेत हार लखौरा में है जो उक्त सूचना की तस्दीक के लिए थाना देहात से उप निरीक्षक रामसेवक झां, प्रधान आरक्षक रवींद्र यादव, राकेश, अभय मिश्रा, आरक्षक भगतराम यादव, गोविंद पटैल को कार्यवाही के लिए रवाना किया गया जो जिला बदर आरोपी तुलाराम यादव अपने बिछिया वाले खेत हार लखौरा में वने टपरे के पास मिला जिसे हमराही स्टाफ की मदद से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी की तलाशी लेने पर एक देशी कट्टा 315 बोर व 1 जिंदा कारतूस रखे मिलने पर आरोपी के कब्जे से जब्त किया गया। उक्त आरोपी को कलेक्टर टीकमगढ के आदेश दिनांक 27/आरडीएम/जि0ब0/ 2023 दिनांक 13/11/23 के पालन में 6 माह के लिए जिले की राजस्व सीमा से निष्कासित आदेश पारित किया गया था।

उक्त आदेश का आरोपी द्वारा उल्लंघन किया गया आरोपी केविरुद्ध थानादेहात में अपराध क्रमांक 36/2024 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट 14, 15 मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर आरोपी को न्यायालय पेश किया गया है। आरोपी के विरुद्ध पूर्व से करीबन 14 अपराध विभिन्न धाराओं के तहत पंजीबद्ध है। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक रामसेवक झां, प्रधान आरक्षक रवींद्र यादव, राकेश,अभय मिश्रा, आरक्षक भगतराम यादव, गोविंद पटैल की सराहनीय भूमिका रही है।

### हुड़दंग मचाने वाले तीन लोगों पर कार्रवाई की गई



**टीकमगढ़।** सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियों में दो व्यक्ति टैक्सी से हुडदंग कर हो-हल्ला करते दिखे। वीडियो में दिख रहे व्यक्तियो की पहचान की जाकर सोमवार को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अनावेदक अस्सू उर्फ आसिफ पुत्र इस्माईल खान 33 सालनिवासी पठला मोहल्ला टीकमगढ़, राजेश पुत्र नारायण राजपूत 21 साल निवासी ग्राम डुमरउ टीकमगढ् तथा टिंकू कुम्हारपुत्र दामोदर कुम्हार 24 साल निवासी पुराना बस स्टैंड टीकमगढ को गिरफ्तार कर टैक्सी क्रमांक एमपी 36 आर 2637 एवं एक बिना नंबर की टैक्सी को जब्त करते हुए। संबंधितों को हिरासत में लेकर न्यायालय टीकमगढ पेश किया गया, उक्त सभी को कार्यवाही उपरांत जिला जेल भेजा गया तथा उनके टैक्सी पर पृथक से कार्रवाई की जाती है।

## प्रतिमा को फिर से स्थापित करने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**टीकमगढ़।** भारत रत्न सरदार बल्लभ भाई पटेल की उज्जैन स्थित प्रतिमा स्थली पर स्थापित मूर्ति तोड़े जाने के विरोध में प्रदेश में विरोध के स्वर उठने लगे हैं। जिसको लेकर लोगों ने दोषियों पर दंडात्मक कार्रवाई कर फिर से उसी स्था पर प्रतिमा स्थापित करने क मांग की है। इससे संबंधित ज्ञापन मुख्यमंत्री को सौंपा गया है।

मुख्यमंत्री को सौंपे गए ज्ञापन में प्रदेश के उज्जैन जिले के माकड़ोन थाना क्षेत्र में स्थापित भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा को अराजक तत्वों द्वारा ट्रेक्टर से गिराकर क्षतिग्रस्त कर दिया है। वायरल वीडियो में अराजक तत्व यही नहीं रुके बल्कि पुलिस कि उपस्थिति में भी गिरी हुई प्रतिमा को ईंटों से पीटते तथा अपमानित करते दिख रहे है। लौह पुरूष की प्रतिमा के ऐसे अपमान को देख कर देश दुनिया में फैले उनके अनुयायी एवं कुर्मी, पटेल, पाटीदार समुदाय में भारी आक्रोश व्याप्त है। जिससे हम सभी सरदार के अनुयायी अनुरोध करते है कि इस बेहद अप्रिय दुर्घटना में लिप्त समस्त उपद्रिवियों पर कठोर कार्यवाही करने तथा सरदारश्री की प्रतिमा को उसी स्थान पर ससम्मान स्थापित करने के त्वरित निर्देश मप्र शासन को देने का कष्ट करे। उपद्रिविओ पर कार्यवाही ऐसी हो कि फिर कभी कोई भी उपद्रवी किसी भी महापुरुष की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त एवं अपमानित करने का दुस्साहस न कर सके ।

## अतिशय क्षेत्र पपौराजी में हुआ सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन



**टीकमगढ़।** पंचकल्याणक पर भगवान के माता-पिता बनने का सौभाग्य सागर निवासी डीसी जैन व शनीलम जैन को प्राप्त हुआ था। अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन की पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र जनता ने बताया की इसी पुण्य कार्य की सराहना और उत्सुकता के कारण दिगंबर जैन समाज ने उनका सम्मान किया। जैन समाज के अनुसार भगवान के माता-पिता बनने के लिए अनेक नियम और संयम लिए जाते हैं और आजीवन ब्रह्मचारी व्रत धारण करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि डीसी जैन सागर वालों का सौभाग्य रहा भगवान के माता-पिता बनने का और उनके जन्मदिन व शादी की सालगिरह का एक ही दिनांक होने के कारण यह तीनों शुभ अवसर प्राप्त हुए थे। इस सम्मान समारोह कार्यक्रम में समस्त पत्रकार महोदय का भी सम्मान हुआ एवं बाहर से पधारे दमोह पथरिया सागर समाज के अतिथि जन को सम्मानित किया गया। इस मौके पर अनेक जन मौजूद रहे। जिसमें प्रमुख रूप से विनय सुनवाहा, राजीव ठगन, नरेंद्र ठगन, अशोक गोयल, रश्मि गोयल, राकेश जैन ने विजय तेवरया, डॉक्टर सुधीर भदौरा, अशोक जैन, मनोज मड़वैया, सार्थक जैन, समकित जैन, पुष्पेंद्र बम्होरी, सचिन जैन आदि मौजूद रहे।

### कलेक्टर शर्मा ने टीएल की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# 'सीएम हेल्पलाइन की कोई भी शिकायत अन अटेंडेड नहीं रहे'



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

कलेक्टर अवधेश शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर शर्मा ने सीएम हेल्पलाइन, टीएल के प्रकरणों की समीक्षा कर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की विभागवार समीक्षा कर सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कोई भी षिकायत अन अटेंडेड नहीं रहे, 50 दिवस से अधिक की शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें, नियमित रूप से ऐसी शिकायतों की समीक्षा करें तथा निराकरण दर्ज करायें। साथ ही उन्होंने हाई कोर्ट में लंबित प्रकरणों, अवमानना प्रकरणों, ग्राम स्तर पर प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली ग्राम स्तरीय जनसुनवाई में आमजन से प्राप्त षिकायतों एवं समस्याओं की विस्तार से समीक्षा की तथा उनको शीघ्र निराकृत कराने के निर्देष दिये। साथ ही उन्होंने निर्देषित किया कि विषेष जनसुनवाई हेतु सभी संबंधित अधिकारी अपनी चयनित ग्राम पंचायत में प्राप्त समस्त समस्याओं एवं सुझावों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित कर उनका शीघ्र निराकरण करायें।

बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने निर्देषित किया कि संबंधित विभागों में लंबित अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों का प्राथमिकता से शीघ्र निराकरण कराया जाये। उन्होंने कहा कि इस हेतु सभी विभाग अपने कार्यालयों में खाली पदों की सूची उपलब्ध करायें। उन्होंने निर्देषित किया कि सभी प्रकार की पेंषन तथा छात्रवृत्तियों का शत-प्रतिषत वितरण कराना सुनिष्चित किया जाये। उन्होंने परीक्षा की तैयारियों के संबंध में समीक्षा करते हुये सभी तैयारियां समय-सीमा में एवं पूरी सतर्कता तथा विभाग के निर्देषानुसार पूर्ण कराने के निर्देष दिये।

कलेक्टर श्री शर्मा ने निर्देषित किया कि संबंधित अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण कर मध्यान्ह भोजन वितरण नियमित कराना और मीनू अनुसार बनवाया जाना सुनिष्चित करें। षिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुये जिले में इस शैक्षणिक सत्र में वार्षिक परीक्षा परिणामों और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के प्रयास किये जाने निर्देष दिये। उन्होंने डीएसओ को निर्देषित किया कि पीडीएस दुकानों पर नियमित राषन का वितरण किया जाये, इसकी नियमित मॉनिटरिंग करें।

इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, भारती देवी मिश्रा, एसडीएम टीकमगढ़ संजय कुमार दुबे, एसडीएम बल्देवगढ़ विजय कुमार सेन, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर, ईई आरईएस नम्रता पंद्रे, उप संचालक सामाजिक न्याय आरके पस्तोर, जिला शिक्षा अधिकारी आईएल आठया, डीपीसी आरके त्रिपाठी, उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास अशोक कुमार शर्मा, जिला योजना अधिकारी रामबाबू गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग डॉ. ऋजुता चौहान, लोकसेवा प्रबंधक अमन गोयल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## वार्षिकोत्सव में बच्चों को ने दी रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

गोमती नंदन पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह स्पार्कल 2024 रविवार को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। संस्था के बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। रविवार शाम 4 बजे वार्षिकोत्सव समारोह का शुभारंभ हुआ, जिसे कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक निर्मला सप्रे, विशेष अतिथि संयुक्त अध्यक्ष जेपी पावर अशोक शर्मा एवं जनरल मैनेजर शिरीष चंदेकर ने दीप प्रज्वलित करते हुए किया गया। समाजसेवी प्रेम अग्रवाल, संस्था निर्देशक विकास अग्रवाल, प्राचार्य शिखा अग्रवाल, हेड बॉय

### जीएनपीएस का स्पार्कल 2024 में छात्र-छात्राओं ने दी शानदार




अशोर्न पांडे एवं हेड गर्ल शैली नामदेव ने अतिथियों का स्वागत किया। विधायक निर्मला सप्रे सहित अतिथियों ने बच्चों को संबोधित किया। वार्षिक उत्सव की शुरुआत सरस्वती बंदना एवं स्वागत गीत से हुई। तत्पश्चात रंगारंग कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ कक्षा पहली के छात्रों के द्वारा स्वागत नृत्य की प्रस्तुति दी। एलकेजी के छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा ओह माय फ्रेंड गणेशा की शानदार प्रस्तुति दी। नर्सरी के छात्र-छात्राओं के द्वारा बार्बी डांस ग्रुप डांस की प्रस्तुति दी। यूकेजी के बच्चों के द्वारा ग्रुप डांस मैं एक डिस्को डांसर ग्रुप डांस, कक्षा सातवीं के बच्चों के द्वारा रामायण म्यूजिकल ड्रामा की शानदार प्रस्तुति दी। कक्षा दो के बच्चों के द्वारा राजस्थानी नृत्य, कक्षा पहली के बच्चों के द्वारा कोरियाई थीम पर नृत्य, कक्षा 2 के बच्चों के द्वारा व्यस्त जीवन पर नाटक की प्रस्तुति, कक्षा तीसरी के बच्चों के द्वारा बॉलीवुड थ्रू द डिकेड्स ग्रुप डांस एवं कक्षा 2 एवं 4 के बच्चों के द्वारा खेल थीम नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। कक्षा पांचवीं के छात्रों के द्वारा इसरो के चंद्रयान 3 मिशन पर सामूहिक नृत्य ने सभी का मन अपनी ओर आकर्षित किया। इसके अलावा कक्षा नौ के छात्रों के द्वारा गणेश थीम नृत्य, समूह गीत की शानदार प्रस्तुति दी। कक्षा 6 के छात्रों ने नृत्य एवं नाटक के माध्यम से शिक्षा का महत्व बताया। अंत में कक्षा 8 के छात्रों के द्वारा भांगड़ा नृत्य की प्रस्तुति दी, जिस पर उपस्थित जन समूह झूम पड़ा।

## रेलवे इन्स्टिट्यूट में वैश्य महासम्मेलन का आयोजन

### 'वैश्य सम्मेलन का उद्देश्य वैश्य जन के हितों का संरक्षण करना'




बीना। रेल्वे इनस्टिट्यूट (घंटाघर) में वैश्य महासम्मेलन जिला बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन विस्तार को गति देने पर जोर दिया गया। बैठक नवनिर्मित जिला बीना में राजीव अग्रवाल की अध्यक्षता, मुख्य अतिथि उमाशंकर गुप्ता (प्रदेश अध्यक्ष वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश) एवं विशिष्ट अतिथि सुधीर अग्रवाल संगठन महामंत्री, निकेश गुप्ता प्रदेश महामंत्री, अनिल जैन नैनधरा संभागीय अध्यक्ष सागर, महिला इकाई की संभागीय प्रभारी विनीता केसरवानी, युवा इकाई के संभागीय महामंत्री सचिन जैन स्पोर्टस जिला प्रभारी हेमचंद बजाज, जिला अध्यक्ष स्वप्निल अग्रवाल की उपस्थिति में प्रारंभ हुई। इस मौके पर जिला प्रभारी हेमचंद बजाज ने अपने संबोधन में प्रदेश संगठन का आभार मानते हुए बताया कि खुरई, बीना, राहतगढ़ मालथौन, जैसीनगर, बांदरी को मिलाकर बीना को संगठन का नवनिर्मित जिला का रूप दिया गया है। हम सब मिलकर संगठन विस्तार को गति देगें। संभागीय अध्यक्ष अमित जैन ने कहा कि वैश्य जन को एक जुट होना समय की मांग है। इसी तरह संभागीय अध्यक्ष महिला इकाई विनीता केसरवानी ने कहा कोई भी संगठन बगैर महिलाओं के सहयोग के अपेक्षित लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकता। हमारी बहनें समाज के विभिन्न क्षेत्रों में परचम लहरा रही है। युवा इकाई के प्रभारी सचिन जैन ने कहा कि परिवर्तन युवाओं के बगैर संभव नहीं है विश्व में जितने भी परिवर्तन हुए अधिकतर युवा ने किए, युवा शक्ति ने किए। इसलिए बीना जिला के युवा शक्ति परिवर्तन करेगी। निकेश गुप्ता ने कहा कि पूर्व का सागर जिला आजीवन सदस्यों के मामले में मध्यप्रदेश में पहले स्थान पर है, यह स्थान कायम रहे। इसलिए आजीवन सदस्यों की संख्या में वृद्धि होनी चाहिए। सुधीर अग्रवाल ने बताया की इस संगठन के 60 हजार सदस्य है। यह संगठन मध्यप्रदेश के 63 जिले एवं 472 तहसीलों में कार्यरत है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि समाज में समाज का दृष्टिकोण और समाज की दृष्टि में व्यापक परिवर्तन हुआ है। इसलिए आने वाली पीढ़ी के भविष्य को संरक्षित एवं सुरक्षित करने के लिए हम सभी को एकजुट होना ही होगा। प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा की वैश्य सम्मेलन का उद्देश्य वैश्य जन के हितों का संरक्षण एवम सुरक्षा देना है। वैश्य का हित और संरक्षण कोई सरकार कोई राजनैतिक दल नही कर सकता वैश्य सुरक्षा और संरक्षण यदि कोई कर सकता है तो वह वैश्य का संगठन ही है। बैठक में बीना तहसील अध्यक्ष ईशान साहू, महामंत्री संजय अग्रवाल, महिला इकाई अध्यक्ष प्रभा अग्रवाल, युवा इकाई अध्यक्ष प्रादित्य अग्रवाल, जितेंद्र राय, इंद्रभूषण जड़िया, सीमा राय मालथौन, अमित अग्रवाल मंडी बामोरा, दामोदर राय मंडी बामोरा, सारांश बजाज, विजय हुरकट ,संदीप अग्रवाल आदि ने सदस्यता ली।

### आज से शुरू होगा श्री 1008 श्री मज्जिनेन्द्र जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव

# 'बीना धार्मिक नगरी है यहां हमेश धार्मिक अनुष्ठान होते हैं'

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना।

श्री 1008 पार्श्वनाथ दिग. जैन पंचायती मंदिर छोटी बजरिया पारस धाम में श्री 1008 श्री मज्जिनेन्द्र जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव, विश्व शांति महायज्ञ एवं गजरथ महोत्सव आज से प्रारंभ हो रहा है। जो 4 फरवरी तक चलेगा। पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव जैन शिक्षा केंद्र 3 नंबर स्कूल कच्चा रोड पर आयोजित होगा। पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद एवं मुनिश्री 108 सरल सागर महाराज, मुनिश्री 108 पदम सागर महाराज एवं मुनिश्री 108 विमल सागर महाराज के आर्शीवाद से बुन्देली संत कवि हृदय मुनिश्री 108 सुव्रतसागर महाराज के सानिध्य में संपन्न होगा। आज से शुरू होने जा रहे महोत्सव की



तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। जिसमें पात्रों के चयन के साथ ही भगवान की प्रतिमाओं की व्यवस्थाओं को लेकर तैयारी लगभग हो चुकी है।

आज सुबह 7 बजे से घट यात्रा का शुभारंभ होगा जो इटावा जैन मंदिर से सर्वोदय चौराहा, शांतिनाथ जिनालय से सर्वोदय चौराहा, गांधी तिराहा, महावीर जिनालय होते हुए जैन शिक्षा केंद्र 3 नंबर स्कूल में घट यात्रा पहुंचेगी। यह सभी कार्यक्रम मुनिश्री सुव्रतसागर महाराज के सानिध्य में संपन्न होंगे। इस पंचकल्याणक के समस्त कार्यक्रमों का संचालन ब्रह्मचारी संजय भैया मुरैना वाले करेंगे।

मुनि श्री सुव्रतसागर महाराज ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि दान आदि के साथ जो भी कार्य किए जाते हैं, धर्म के जो भी कार्य किए जाते हैं, भगवान की भक्ति समर्पण के जो भी कार्य किए जाते हैं उनमें प्रिय वचनों को साथ में रखना चाहिए। अर्थात प्रिय वचनों के साथ किए गए मधुर वचनों के साथ किए गए कार्य हमेशा रिद्धि सिद्धि अतिशय प्रकट करते हैं। मुनिश्री सुव्रतसागर महाराज ने कहा बीना बहुत बड़ी धार्मिक नगरी है। इस नगरी में धार्मिक अनुष्ठान हमेशा होते ही रहते हैं। किंतु जैन समाज में यह पंचकल्याणक बहुत बड़ा धार्मिक अनुष्ठान माना जाता है। जैन धर्म के अनुसार धार्मिक अनुष्ठान पंचकल्याणक से बड़ा कुछ भी नहीं होता है। इसलिए पंचकल्याणक के धार्मिक अनुष्ठान को पूरी समाज को मिलजुल करके मनाना चाहिए। जिससे जैन धर्म की शान अहिंसा धर्म की शान बढ़ती जाए।

पंचकल्याणक की जरूरत क्यों- इस विषय पर मुनि श्री ने चर्चा करते हुए कहा कि हम अपने संसार के कोई भी कार्य में कटौती नहीं करते हैं किंतु धार्मिक कार्यों में हमारे प्रश्न उत्पन्न होते हैं। यह बड़ी विडंबना की बात है जबकि धार्मिक कार्यों में किसी भी प्रकार का कोई प्रश्न नहीं उठाना चाहिए। लोग अपने व्यवसाय धंधे बढ़ाते हैं, घर गृहस्थी मकान बढ़ाते हैं। गाड़ी घोड़े नौकर चाकर बढ़ाते हैं। उसमें खुशी मनाते हैं किंतु भगवान की भक्ति में ज्यादा बढ़ने पर दुखी होने लगते हैं, यह है बहुत बड़ी समस्या है। इसलिए जिस प्रकार से आप संसार के कामों को विकसित करते हो इस तरह से धर्म के कार्यों को विकसित करना चाहिए इसलिए पंचकल्याणक संपन्न होते हैं। मुनिश्री ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि अगर हमारे भारत से पंचकल्याणकों का समापन हो जाए तो हमारा जैन धर्म, अहिंसा धर्म, दया धर्म समाप्त हो जाएगा। क्योंकि इसी विधि से जैन धर्म की दया धर्म की प्रेम वात्सल्य की भावना बनती रहती है।

### 5वीं और 8वीं के विद्यार्थियों को नहीं दी बीते सत्र की ड्रेस

# आनन फानन में बांटी बीते शिक्षण सत्र की गणवेश, हजारों विद्यार्थी वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शैक्षणिक सत्र 2023-24 बीतने के कगार पर पहुंच गया है और विद्यार्थियों को अभी तक निशुल्क गणवेश का वितरण नहीं हो सका है। उधर बीते सत्र में भी गणवेश का वितरण नहीं कर पाने वाले शिक्षा विभाग ने आनन फानन में 26 जनवरी से पहले ड्रेस का वितरण तो कराया, लेकिन इसमें भी हजारों वह बच्चे ड्रेस से वंचित रखे गए जिनके दाखिले कक्षा पांचवीं और आठवीं में थे। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि पांचवीं और आठवीं के विद्यार्थियों को ड्रेस का पैसा उनके अभिभावकों के खातों में डाला गया है।

सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा 1 से 8वीं तक के विद्यार्थियों को सरकार निशुल्क गणवेश वितरण योजना के तहत ड्रेस उपलब्ध कराती है। हर विद्यार्थी को दो सिली सिलाई ड्रेस उपलब्ध कराई जाती है। इस योजना के तहत श्योपुर जिले की बात करें तो बीते सत्र 2022-23 में गणवेश का वितरण कहीं हुआ कहीं नहीं हुआ की तर्ज पर किया गया, हाल ही में जब कलेक्टर संजय कुमार द्वारा संज्ञान लेने पर शिक्षा विभाग ने आनन फानन में बची हुई ड्रेस का वितरण तो कराया, लेकिन इसमें भी हजारों उन विद्यार्थियों को ड्रेस से वंचित रखा गया जो कक्षा पांचवीं और आठवीं में अध्यनरत है। विभागीय अफसरों का तर्क है कि सरकार ने कक्षा पांचवी और आठवीं के विद्यार्थियों के बैंक खातों में ड्रेस खरीदने के लिए राशि डाली थी, उधर कई अभिभावक ऐसे भी हैं जो ड्रेस की राशि आने से इंकार कर रहे हैं और उनके बच्चों को ड्रेस से भी वंचित रखा गया है।



#### कपड़े की गुणवत्ता जांचने में हो रही देरी

नए सत्र की ड्रेस वितरण में जो देरी हो रही है उसमें ड्रेस के लिए क्रय किए जाने वाले कपड़े की गुणवत्ता जाचने को कारण माना जा रहा है। दरअसल सरकार ने स्कूलों में विद्यार्थियों की ड्रेस सिलने का काम महिला स्व सहायता समूहों को दिया गया है, जिन्हें ड्रेस के लिए कपड़ा खरीद कर ड्रेस सिलकर देना है। हालांकि एनआरएलएम के माध्यम से इस तरह के टेंडर आमंत्रित कर लिए गए हैं लेकिन कलेक्टर संजय कुमार ने जिन एजेंसियों की दर कम आई है उनके द्वारा जो कपड़े सैंपल में दिए गए हैं उनकी लैबोरेट्री से गुणवत्ता जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। गुणवत्ता में खरे उतरने पर ही विद्यार्थियों को ड्रेस सिलाई जाएगी इस उद्देश्य से ड्रेस की सिलने में देरी हो रही है।

#### विद्यार्थियों के कक्षा पास कर दूसरे स्कूल चले जाने से डाली राशि

कक्षा 1 से आठवीं तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क गणवेश का वितरण किया जाता है, लेकिन गणवेश वितरण में देरी होने के चलते कक्षा पांचवीं के विद्यार्थी पास होकर छठी में पहुंच जाते हैं जहां उनका स्कूल और डाइस कोड भी बदल जाता है, वहीं कक्षा 8वीं के विद्यार्थी पास होकर 9वीं कक्षा में पहुंच जाते हैं जहां निशुल्क ड्रेस वितरण की योजना नहीं है इसलिए इन विद्यार्थियों को सिली सिलाई ड्रेस देने के बजाय सरकार ने उनके अभिभावकों के बैंक खातों में ड्रेस खरीदने और सिलवाने के लिए राशि डाली थी।

#### इनका कहना है...

ड्रेस सिलने का काम एक-दो दिन में शुरू हो जाएगा। कलेक्टर के निर्देश पर कपड़े सैंपल की जांच लेबोरेट्री से कराई गई है। उच्च क्वालिटी के कपड़े की ही ड्रेस सिलाई जाएगी।

**डॉ एसके मुदगल**
**डीपीएम एनआरएलएम श्योपुर**

कक्षा पांचवीं और आठवीं के बच्चों को ड्रेस खरीदने के लिए पैसे खातों में डाले गए थे पुराने सत्र की ड्रेस वितरण कर दी गई है। नए सत्र की ड्रेस सिलाई जा रही है।

**राकेश शर्मा**
**एपीसी जिला शिक्षा केंद्र**

### विभिन्न खेल प्रतियोगिता में 3 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने की भागीदारी

## दौड़ में चंचल बने विजेता, जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



तीन दिवसीय जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता का समापन सोमवार को समारोह पूर्वक आयोजित हुआ। प्रतियोगिता के विजेताओं को कलेक्टर संजय कुमार ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में आयोजित हुए एथलेटिक गेमों में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर एवं 800 मीटर की दौड़ में चंचल प्रजापति ने पहला स्थान हासिल कर प्रतियोगिता के तीनों दिन अपना दबदबा कायम रखा। कलेक्टर ने प्रतिभावान खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय खेल प्रशिक्षिकों के माध्यम से प्रशिक्षण दिलाने का आश्वासन दिया है।

शनिवार को विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा उद्घाटित किए गए जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में 3000 से भी अधिक विद्यार्थियों ने भागीदारी की। सीनियर, जूनियर एवं बालक तथा बालिका वर्ग के लिए अलग-अलग आयोजित हुए खेलों में विभिन्न वर्गों की दौड़, कबड्डी, रस्सी खींच, लंबी कूद, ऊंची कूद, भाला फेंक, गोला फेक प्रतियोगिता के अलावा बैडमिंटन आदी प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। शनिवार को पहले दिन नॉकआउट पद्धति से प्रतियोगिता आयोजित कराई गई रविवार को सेमीफाइनल मैच खिलाए गए। सोमवार को फाइनल मैच आयोजित कराए गए। पहली बार जिले में इतने बड़े पैमाने पर खेल प्रतियोगिता आयोजित कराई गई है अंतरराष्ट्रीय स्तर के एथलीट ट्रैक पर दौड़ लगाने वाले खिलाड़ियों को खेलने में अधिक उत्साह भी देखने को मिला।

#### राष्ट्रीय स्तर पर चमकने के लिए खिलाड़ियों को मिलेगा प्रशिक्षण

कलेक्टर संजय कुमार ने प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि हार ही जीतने का रास्ता निकलती है, आपको हार के कारणों को तलाश कर उसे दूर करने का अवसर इस प्रतियोगिता के माध्यम से मिला है। कमियों को दूर करने के लिए नियमित प्रेक्टिस करें। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में कई खिलाड़ी ऐसे सामने आए हैं जो राष्ट्रीय स्तर पर चमक सकते हैं इन्हें राष्ट्रीय स्तर पर चमकाने के लिए विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता है और वह प्रशिक्षण हम उन्हें दिलवाएंगे उन्होंने सहायक आयुक्त आदिम जाति एमपी पिपरेया को निर्देश दिए कि वह ढेंगदा खेल परिसर में खेल प्रशिक्षकों की तैनाती करें जो खिलाड़ियों को नियमित रूप से प्रशिक्षण दिलाकर उन्हे राष्ट्र स्तर तक की खेल प्रतियोगिता में खेलने लायक बनाने का काम करें।

## नगर पालिका में सिराज एक बार फिर बने विधायक प्रतिनिधि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

युवा कांग्रेसी नेता सिराज दाउदी एक बार फिर नगर पालिका श्योपुर में विधायक प्रतिनिधि बन गए हैं। उन्हें श्योपुर विधायक बाबू जंडेल ने नगरपालिका श्योपुर में अपना प्रतिनिधि बनाने का पत्र जारी कर दिया है। यहां बताना होगा कि इससे पहले भी सिराज पूरे पांच साल विधायक प्रतिनिधि रहे हैं। विधायक जंडेल ने उन्हें विगत पांच सालों में नगरपालिका के भीतर काम कराने आने वाले आमजन के लिए लड़ने, काम कराने, भ्रष्टाचार पर मुखर रहने के चलते दोबारा प्रतिनिधि बनाया है।

#### 5 फरवरी को प्रदेश व्यापी आंदोलन के तहत जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री के नाम सौपेंगे ज्ञापन

**श्योपुर।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों और आंगनबाड़ियों में भोजन नाश्ता पकाकर खिलाने वाले महिला स्व सहायता समूह एवं रसोइया के खातों में समय पर राशि न डालने से नाराज महिलाएं 5 फरवरी को प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपेंगी। यह जानकारी प्रांतीय समूह संघ की संभागीय प्रभारी विमला ओमप्रकाश पांचाल ने प्रेस नोट जारी कर दी। प्रांतीय समूह संघ की प्रदेश अध्यक्ष सरिता ओमप्रकाश बघेल के निर्देश पर पूरे प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर मुख्यमंत्री के नाम सौंपे जाने वाले ज्ञापन के क्रम में श्योपुर में भी ज्ञापन दिया जाएगा। प्रांतीय समूह संघ की संभागीय प्रभारी विमला ओम पांचाल ने बताया कि अधिकारियों की लेतलाली के चलते समूह को राशि और खाद्यान्न जारी करने में अनियमितता बरती जा रही है, रसोइयों को भी मानदेय 4 माह गुजरने के बाद डाला जा रहा है इन अनियमितताओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराने के लिए सभी जिला मुख्यालय पर ज्ञापन दिए जाएंगे जिसके तहत श्योपुर में भी प्रदर्शन करके ज्ञापन दिया जाएगा।

## 'मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ लोकसभा चुनाव में बीजेपी को मिले इसके लिए काम करें कार्यकर्ता'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली जनहितैषी और लोककल्याण वाली योजनाओं का लाभ भाजपा को आगामी लोकसभा चुनाव में मिले इसके लिए हम सबको मिलकर काम करने की जरूरत है। यह बात बीजेपी के गांव चलो अभियान के तहत आयोजित कार्यशाला में भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र जाट ने कार्यकर्ताओं को संबोधन देते हुए कही।

सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा के जिलाध्यक्ष जाट ने कहा कि भाजपा सरकार की समस्त जनहितैषी और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव-गांव तक पहुंचाने के उद्देश्य से 4 से 14 फरवरी तक देशभर में आयोजित गांव चलो अभियान चलाया जा रहा है, इस अभियान को हमें लोकसभा चुनाव प्रचार के रूप में लेकर काम करना है। उन्होने कहा कि, मोदी सरकार के 10 सालों के कार्यकाल के दौरान देश ने विश्व पटल पर जो सम्मान हासिल किया है और सैंकड़ों साल बाद श्रीरामलला की घर वापसी कराई है इसका लाभ बीजेपी को लोकसभा चुनाव में मिलना ही चाहिए इसकी जिम्मेदारी हर कार्यकर्ता की है। इस दौरान जिला संगठन प्रभारी राधेश्याम पारीक, प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसोदिया, कैलाशनारायण गुप्ता, नपाध्यक्ष रेणु सुजीत गर्ग, नगर पंचायत विजयपुर अध्यक्ष कमलेश कुशवाहा, कार्यक्रम के जिला संयोजक अरविंद जादौन, गिरधारी बैरवा सहित मंडल के अध्यक्ष जिला पदाधिकारी सहित जिला टोली मंडल की टोली के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### चंबल नहर में गिरा राजस्थान का युवक, राहगीरों ने बचाई जान



**श्योपुर।** राजस्थान के कोटा निवासी एक युवक चंबल दाहिनी मुख्य नहर में उस समय गिर गया, जब वह शौच जाने के लिए बोतल में भरने गया था। जिसे चंबल नहर में बहता देखकर वहां से गुजर रहे कुछ समाजसेवी लोगों ने उसे सकुशल बाहर निकाल कर उसकी जान बचा ली। यह घटनाक्रम रविवार की शाम का है। बताया गया है कि राजस्थान के कोटा रंगवाडी निवासी सूरज राठौर रविवार को जीप से एक पार्टी लेकर श्योपुर आया था। श्योपुर में पार्टी छोडने के बाद सूरज राठौर शाम को अपनी गाडी लेकर सलापुरा नहर पर पहुंचा और उसने गाडी को एक तरफ खड़ा कर दिया और शौच जाने के लिए खाली बोतल में पानी भरने के लिए चंबल नहर में उतरा। पानी भरते समय उसका पैर फिसल गया और वह चंबल नहर में गिर गया। जब उसे चंबल नहर में बहता हुआ वहां से गुजर रहे समाजसेवी मुकेश हिरनीखेडा सहित अन्य कई लोगो ने देखा तो बिना कोई देर किए, यह सभी लोग उसे बचाने में जुट गए। कुछ लोग चंबल नहर में कूदकर उसे बाहर निकाल लाए। समाजसेवी मुकेश हिरनीखेडा ने बताया कि सूरज राठौर को सकुशल चंबल नहर से निकालने के बाद जिला अस्पताल लाकर डॉक्टर को दिखवाया और फिर उसे घर ले जाकर कपडे चेंज करवाए। इसके बाद वह कोटा के लिए रवाना हो गया।

## आरोपः सरपंच सचिव ने अपने परिजनों के खातों में डाली तीन लाख से ज्यादा की मनरेगा की मजदूरी राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जनपद पंचायत श्योपुर की ग्राम पंचायत बेहडावद में मनरेगा योजना में फर्जीवाड़ा उजागर होने के बाद अब ऐसा ही फर्जीवाड़ा ग्राम पंचायत जावदेश्वर में किए जाने का आरोप है। यह आरोप ग्राम पंचायत जावदेश्वर के ग्रामीणों ने लगाते हुए कलेक्टर को कार्रवाई के लिए आवेदन दिया है। कलेक्टर संजय कुमार के नाम दिए आवेदन में ग्रामीण सुरेन्द्र मीणा, रघुवीर मीणा, चतुर्भुज, सुरेशचंद्र मीणा सहित अन्य कई ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरपंच और सचिव के द्वारा अपने परिजनों के नाम से कागजों में फर्जी मजदूरी कराकर तीन लाख 92 हजार से ज्यादा की मनरेगा राशि उनके खातों में डालकर शासकीय राशि का गवन किया है। जिनके खातों में मनरेगा की मजदूरी राशि डाली गई है, उनमें सरपंच के जेठ का लड़का हरिशंकर मीणा, रणवीर मीणा, सरपंच पुत्र गिर्राज मीणा, प्रभारी पंचायत सचिव का पिता बाबूलाल मीणा, भाई शिवचरण और मां गीता बाई तथा प्रभारी सचिव का चाचा महावीर मीणा शामिल है। ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच पुत्र ग्राम सभा में कलेक्टर को दो लाख रुपए में खरीदे जाने की बात सार्वजनिक रूप से कह चुका है, इसके बाद भी उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से इस मामले की जांच करवाते हुए कार्रवाई की मांग की है। उधर ग्राम पंचायत जावदेश्वर की सरपंच वर्फी बाई ने इन आरोपों को मनगढंत बताते हुए कहा कि कुछ लोग मुझे झूठा बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं।

## श्रद्धाभाव के साथ मनाया तिल चौथ व्रत पर्व सजाया फूल बंगला, लगाया छप्पन भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



संकट निवारण की कामना का तिल चौथ व्रत पर्व सोमवार को जिलेभर में पारंपरिक श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर के सुबात कचहरी स्थित आनंदी माता मंदिर पर विशेष कार्यक्रम हुए। मंदिर में सजा फूल बंगला व छप्पन भोग की झांकी के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। वहीं घरों में भी श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि की कामना से दिनभर व्रत रखकर विशेष पूजा अर्चना की। रात्रि में चंद्रमा को अर्घ देने के बाद व्रत खोला गया।

तिल चौथ के मौके पर देवी मां को रिझाने के लिए भक्तों ने तरह-तरह से जतन किए। शहर के सुबात कचहरी स्थित ऐतिहासिक आनंदी माता मंदिर पर भक्तों की विशेष चहल-पहल नजर आई। मंदिर में देवी प्रतिमा का सोना चांदी के आभूषणों से श्रृंगार हुआ। आकर्षक फूल बंगला सजाया गया। शाम ढलने के साथ ही मंदिर पर दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं ने पहुंचना शुरू कर दिया। आनंदी माता की महाआरती के समय समूचा मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया। आरती के बाद छप्पन भोग का प्रसाद पाने के लिए महिला-पुरुष और बच्चों में होड़ लग गई। उधर घरों में भी तिल चौथ के अवसर पर गृहिणियों ने लड्डू-बाटी, पुआ-पकौड़ी आदि परंपरागत पकवान बनाए। शाम को परंपरा के अनुसार व्रत रखने वाले भक्तों ने संकट निवारण के लिए घरों में चौथ माता व गणेश जी का पूजन किया। रात गहराने के साथ ही चंद्रमा के उदय होने का लोगों को बेसब्री से इंतजार था। जैसे ही आकाश में चंद्रदेव नजर आए, तो भक्तों ने चंद्रदेव को अर्घ देकर सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थनाएं की। तिल चौथ के अवसर पर शहर के आनंदी माता मंदिर, श्रीहजोरश्वर मंदिर स्थित संतोषी माता मंदिर, खुलखुली माता मंदिर सुबह और शाम को पूजा अर्चना के लिए भक्तों का तांता लगा रहा है। इसके अलावा कई श्रद्धालु राजस्थान के रामगढ़ आदि स्थानों पर मातारानी के दर्शन करने पहुंचे।

### श्योपुर पहुंची बोर्ड परीक्षा सामग्री, एक फरवरी को होगा वितरण

# 32 परीक्षा केन्द्रों पर कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त पहली बार एप से होगी बोर्ड एग्जाम की निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षा इस बार फरवरी के पहले सप्ताह में शुरू होगी। 5 फरवरी से जहां कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षाएं शुरू होगी। जबकि कक्षा 12 वीं की बोर्ड परीक्षा 6 फरवरी से आरंभ होगी। बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 32 परीक्षा केन्द्र निर्धारित कर दिए गए है। खास बात यह है कि पहली बार बोर्ड परीक्षा की निगरानी एप के जरिए सीधे प्रदेश स्तर से होगी। वहीं सभी परीक्षा केन्द्रों पर निगरानी के लिए कलेक्टर के प्रतिनिधि में मौजूद रहेंगे। पहली बार 32 कलेक्टर प्रतिनिधियों की नियुक्ति कलेक्टर संजय कुमार के द्वारा की गई है। इनमें सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी शामिल किए गए हैं।

कलेक्टर के द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि की मौजूदगी में ही पेपर लाने, खोलने व वितरित करने सहित अन्य कार्य होगा। परीक्षा केन्द्राध्यक्ष और सहायक केन्द्राध्यक्ष भी बना दिए गए है। जिन्हें प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। लेकिन किस केन्द्राध्यक्ष और सहायक केन्द्राध्यक्ष की ड्यूटी कहां रहेगी,इसका पता परीक्षा सामग्री वितरण के दौरान ही चलेगा। बोर्ड परीक्षा की सामग्री श्योपुर पहुंच गई है। सभी परीक्षा केन्द्रों के लिए इस बोर्ड परीक्षा सामग्री का वितरण 1 फरवरी को सुबह 11 बजे से शासकीय उत्कृष्ट स्कूल श्योपुर से किया जाएगा।बताया गया है कि बोर्ड परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों के बैठने के लिए फर्नीचर की उपलब्धता रहेगी। सभी परीक्षा केन्द्रों पर वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी भी की जाएगी। वहीं नकल रोकने के लिए उड़नदस्ते भी बनाए जाएंगे जो केंद्रों पर निगरानी करेंगे। बोर्ड परीक्षा की निगरानी के लिए बोर्ड के द्वारा जो एप बनाया गया है, उसे बोर्ड परीक्षा के लिए तैनात किए गए सभी शिक्षक अपने मोबाइल में डाउन लोड करेंगे। इसके बाद इस ऐप से पुलिस थाने से प्रश्न-पत्र के निकलने की एंट्री, केंद्रों पर प्रश्न-पत्र खोलने से लेकर वितरण की एंट्री, परीक्षा खत्म होने के बाद बंडल बनने और मूल्यांकन केंद्र पर जमा करने तक की एंट्री की जाएगी। हर प्रक्रिया की लोकेशन भी ट्रेस होगी।




#### 9 से 12 बजे तक होंगी परीक्षाएं

उल्लेखनीय है कि आने वाले महीनों में लोकसभा चुनाव होना है। इसके चलते इस बार परीक्षा जल्दी आयोजित की जा रही है। कक्षा 10वीं की परीक्षा 5 फरवरी और 12वीं की परीक्षा 6 फरवरी से शुरू होगी। दोनों कक्षाओं की परीक्षा सुबह 9 बजे से 12 बजे तक होगी। जिले में इन दोनों ही परीक्षाओं के लिए बनाए गए 32 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। जहां 78 शासकीय और 37 अशासकीय स्कूलों के 12 हजार 428 परीक्षार्थी बैठकर बोर्ड परीक्षा देगे। इनमें कक्षा 12 वीं के 4963 विद्यार्थी और कक्षा 10 वीं के 7465 विद्यार्थी होगे। कक्षा 12 वीं के बोर्ड एग्जाम में 4417 विद्यार्थी नियमित तथा 546 विद्यार्थी प्रायवेट रूप से शामिल होगे। जबकि कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा में 6654 विद्यार्थी नियमित और 811 विद्यार्थी प्रायवेट रहेंगे।

#### समय से पहले पहुंचना होगा

परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों को समय पर भी केंद्र तक पहुंचना होगा। बताया गया है कि परीक्षा का समय 9 से 12 बजे का है। ऐसे में परीक्षार्थियों को सुबह 8.30 बजे केंद्र पर पहुंचना होगा। देरी से आने वाले विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं मिल सकेगा। वहीं इस बार प्रश्न-पत्र हल करने के लिए 32 पेज की कॉपी दी जाएगी। इसी में उन्हें पूरा प्रश्न-पत्र हल करना होगा। अलग से सप्लीमेंट्री नहीं दी जाएगी।

#### फैक्ट फाइल

- 32 परीक्षा केन्द्रों पर होगी परीक्षा
- 10 परीक्षा केन्द्र संवेदनशील
- 03 परीक्षा केन्द्र अति संवेदनशील
- 12428 परीक्षार्थी बैठेगे परीक्षा में
- 4963 परीक्षार्थी रहेगे 12 वीं कक्षा के
- 7465 परीक्षार्थी रहेगे 10 वीं कक्षा के

#### इनका कहना है

बोर्ड परीक्षा 32 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी। बोर्ड परीक्षा की सभी तैयारियां कर ली गई है। इस दफा माशिमं के द्वारा निगरानी के लिए कई तरह के कडे नियम बनाए गए हैं।

**रविन्द्र सिंह तोमर**
**डीईओ, श्योपुर**

### स्कूल के वार्षिकोत्सव में पहुंचे हज कमेटी के चेयरमैन ने बच्चों को बांटे उपहार

## तालीम आदमी को इंसान बनाती है, शिक्षा के बिना व्यक्ति पशु के ही सामानः वारसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



तालीम आदमी को इंसान बनाती है, शिक्षा के बिना मनुष्य पशु पक्षी के समान होता है। शिक्षित मनुष्य ही राष्ट्र की प्रगति में सक्रिय योगदान कर सकते हैं। यह बात मध्यप्रदेश हज कमेटी के चेयरमैन (कैबिनेट मंत्री दर्जा) रफत वारसी ने हजरत नेकनाम शाह इंग्लिश स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि की हैसियत से संबोधन देते हुए कही।

कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे मध्यप्रदेश हज कमेटी के अध्यक्ष रफत वारसी ने विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण किया। उन्होंने हजरत नेकनाम शाह वेलफेयर सोसाइटी द्वारा शिक्षा के लिए दिए गए योगदान की सराहना करते हुए कहा कि वह कोम कभी तरक्की नहीं कर सकती जो कोम शिक्षा से पिछड़ी हो, आज़ादी के बाद हमें शिक्षा से वंचित रखकर यही षड्यंत्र रचा गया है। उन्होंने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति रोजगारमुलक मापदंडों पर आधारित है, नई शिक्षा नीति में कॉलेज से निकलने वाला विधार्थी नौकरी नहीं तलाशेगा बल्की नौकरी बांटने का काम करेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता हजरात नेकनाम शाह वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष रिटायर जज अनवर अली ने की, इस दौरान शहर काज़ी अतीक उल्लाह कुरेशी, अंजुमन सदर शब्बीर नागौरी, पार्षद खालिद फारुकी आदी मौजूद रहे।

## सुभाषपुरा थाना क्षेत्र की घटना: जंगली जानवर के हमले से बचने के प्रयास में हुआ हादसा

# 200 फीट गहरी खाई में गिरे मोगिया दंपती, पत्नी की मौत और पति घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी


सुभाषपुरा थाना क्षेत्र के जंगल में गुनाया की पहाड़ी की खाई में कल शाम अज्ञात जंगली जानवर के हमले से बचने के लिए मोगिया दम्पत्ति खाई में गिर गए। इस हादसे में पत्नी की मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रूप से घायल है। पति को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घटना स्थल सुभाषपुरा थाना क्षेत्र की है जबकि घटना की सूचना परिजनों ने बम्हारी थाने में दी। जिसके बाद बम्हारी थाना प्रभारी अजय मिश्रा दल बल सहित रात 9 बजे जंगल में पहुंचे और उन्होंने सर्चिंग अभियान चलाया। 6 किमी पैदल चलने के बाद पुलिस गुनाया की घाटी में गिरे पति पत्नी तक पहुंची।

थाना प्रभारी अजय मिश्रा ने मौके पर बताया कि महिला की मौत हो चुकी थी, जबकि पति की सांसें चल रही थी। दोनों को पुलिस बल की सहायता से 6 किमी तक पैदल लाया गया इसके बाद उन्हें सतनवाड़ा स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया जहां महिला सुगनाथ मोगिया, को डॉ. ने मृत घोषित कर दिया और गंभीर रूप से घायल पति हेमराज मोगिया को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।



श्योपुर जिले के गसमानी थाना क्षेत्र के हीरापुर गांव के रहने वाले थे पति-पत्नी। बताया जाता है कि हेमराज मोगिया और उनकी पत्नी सुगनाथ मोगिया की शादी एक साल पहले ही हुई थी। दोनों जंगल में गोंद तोडऩे का काम करते थे। इसीके चलते वह दो तीन माह से गुनाया के जंगल में झोपड़ी बनाकर रह रहे थे। रविवार की शाम अज्ञात जंगली जानवर ने महिला पर हमला कर दिया। हमले से बचने के लिए महिला असंतुलित होकर 200 फिट गहरी खाई में गिर गई थी। पत्नी को बचाने के प्रयास में हेमराज भी खाई में गिर गया था। यह स्पष्ट नहीं हो सका कि दंपति पर किस जानवर ने हमला किया था। सुभाषपुरा पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# चोरी का खुलासा, पुलिस को चोरों को पकड़ने में उनके जूते से मिली मदद



**शिवपुरी।** खनियाधाना थाना क्षेत्र के पोठयाई गांव में व्यापारी के घर में हुई चोरी का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। पुलिस ने एक इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं दो आरोपी अब भी फरार चल रहे हैं। बता दें कि पुलिस चोर की तरफ से चोरी के दौरान छोड़े गए जूतों की बदौलत आरोपियों तक पहुंची है। गौरतलब है कि 3 जनवरी की रात पोठयाई गांव के रहने वाले पंकज जैन के घर अज्ञात चोर घुस गए थी। जहां एक चोर ने कट्टे की बट से व्यापारी पर हमला भी बोल दिया था। चोर व्यापारी के घर से 90 हजार रूपये नगदी व दस्तावेजों से भरा बैग चुराकर फरार हो गए थे। जिसके बाद मामला दर्ज करने के बाद पुलिस लगातार चोरों की तलाश में जुटी हुई थी। चोरी के वक्त चोर घर में जूते और चप्पल छोड़ कर भाग गए थे। पुलिस ने अपनी पड़ताल में चोरों के जूतों को भी लिया था। पड़ताल में पता लगा कि इस प्रकार के जूते सिमलार गांव का रहने वाला कृष्णपाल उर्फ केपी यादव को अक्सर पहने हुए देखा गया है। जो वर्तमान में पोठयाई में ही घर बना कर रह रहा है। पुलिस ने कृष्णपाल उर्फ केपी यादव की तलाश शुरू कर दी थी तभी पुलिस को पता चला कि चोरी की घटना से पहले शाम के वक्त कृष्णपाल उर्फ केपी यादव के पोठयाई गांव के मकान पर पार्टी हुई थी। इसके बाद कृष्णपाल उर्फ केपी यादव लापता हो गया था। पुलिस ने पार्टी में शामिल हुए लोगों का सुराग लगाते हुए दो लोगों की पहचान पिछोर थाना क्षेत्र के दविया जगन गांव का रहने वाला अमोल लोधी के रूप में की थी। अमोल आदतन अपराधी था जो 22 महीनों की जेल काटकर हाल ही में छूट कर आया था। इसके बाद पुलिस ने 27 जनवरी को अमोल लोधी को पकड़कर सख्ती से पूछताछ की, जिसमें अमोल लोधी पुत्र महेश लोधी (28) ने चोरी की वारदात को कृष्णपाल उर्फ केपी यादव और एक अन्य चोर के साथ अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने फरार चल रहे दो अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# जैन का वीटीपी स्कूल ने सम्मान किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

प्रसिद्ध टेबिल टेनिस प्रशिक्षक सुनील जैन को वीटीपी हायर सेकंड्री स्कूल में उनकी शानदार उपलब्धियों के लिए गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर सम्मानित किया गया। जैन शिवपुरी टेबिल टेनिस ऐसोएशिन के सचिव भी है। उन्हें शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

टेबिल टेनिस प्रशिक्षक सुनील जैन शिवपुरी में टेबिल टेनिस की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए वर्षो से योगदान दे रहे हैं। 45 वर्ष के शिवपुरी टेबिल टेनिस ऐसोसिएशन के स्वर्णिम एवं उपलब्धियां भरे कार्यकाल में 65 से अधिक शिवपुरी जिले के टेबिल टेनिस खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर मध्य प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। जिनमें सुनील जैन का महत्वपूर्ण योगदान है। 85 वीं सब राष्ट्रीय जूनियर टेबिल टेनिस एसोसिएशन में शिवपुरी के कुल सात खिलाड़ी एवं शालेय राष्ट्रीय टेबिल टेनिस ऐसोसिएशन में दो खिलाड़ी कुल मिलाकर 9 खिलाड़ी बीते वर्ष में राष्ट्रीय स्तर पर मध्य प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए कई राज्यों के खिलाडिय़ों को हराकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इन्हीं उपलब्धियों के कारण सुनील जैन को सम्मानित किया गया।

# डॉ. विरही के निधन पर सीएम व सिंधिया ने व्यक्त की शोक संवेदना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश की पूर्व मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. परशुराम शुक्ल विरही के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की है। डॉ. यादव ने अपनी शोक संवेदना में कहा कि डॉ. परशुराम शुक्ल विरही का निधन साहित्य जगत की एक अपूर्णिय क्षति है। वह गंभीर लेखनी के धनी थे और देश में अपनी एक अलग पहचान बनाई थी। पूर्व मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि डॉ. परशुराम शुक्ल विरही के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। साहित्य जगत में उनकी कमी कभी पूरी नहीं हो सकेगी। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने और परिजनों को यह दुःख सहन करने का संबंल प्रदान करने की प्रार्थना की है।



विदित हो कि डॉ. परशुराम शुक्ल विरही 98 वर्ष के थे और उन्होंने साहित्यिक जगत में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई थी। यह भी एक अच्छा संयोग रहा कि साहित्यिक जगत की तीन राष्ट्रीय मूर्तियां डॉ. रामकुमार चतुर्वेदी चंचल, डॉ. विद्यानंदन राजीव और डॉ. परशुराम शुक्ल विरही शिवपुरी महाविद्यालय में वर्षों तक प्रोफेसर पद पर रहे। इन तीनों को साहित्यक जगत का ब्रह्मा, विष्णु, और महेश कहा जाता था। डॉ. चंचल और डॉ. राजीव का निधन पूर्व में हो चुका है, लेकिन अब डॉ. विरही के निधन से इस त्रिमूर्ति का पूरी तरह से लोप हो गया है।

## खबर संक्षेप

### महिदपुर में जैन समाज ने चल समारोह निकाला

**अशोकनगर।** जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर ग्राम महिदपुर में जैन समाज द्वारा चल समारोह का आयोजन किया गया। इस चल समारोह में अशोकनगर ईसागढ़ शहर अनेक स्थानों से समाजजन शामिल हुए। अशोकनगर शहर में जो महत्वपूर्ण के निवासी परिवार थे उनके द्वारा भी इस कार्यक्रम में भक्ति भाव से भाग लिया गया।भगवान की भव्य शोभायात्रा निकाली गई अशोकनगर जैन समाज के साथ-साथ थूबोन क्षेत्र कमेटी भी पहुंची। इस मौके पर भारत परिवार अशोकनगर के साथ-साथ कई परिवार जन शामिल थे कई परिवारजन शामिल थे।

### युवक ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाई

**अशोकनगर।** ईसागढ़ थाने के अंतर्गत ग्राम कालीटोर निवासी प्रकाश पुत्र तोफान आदिवासी उम्र 26 साल ने घर में अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिवारजनों को सौंप दिया।

### सरपंच क्रिकेट टूर्नामेंट फाइनल जीती बदरवास

**नईसराय।** कस्बे के सुरई मैदान में चल रहे सरपंच क्रिकेट टूर्नामेंट में क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच 26 जनवरी को नई सराय और बदरवास टीम के बीच खेला गया जिसमे दोनो टीमों के बीच अतिथियों के द्वारा परिचय किया गया उसके बाद टॉस कराया गया। जिसमे नई सराय टीम ने टॉस जीता लेकिन पहले बल्लेबाजी करने का मौका बदरवास टीम को दिया गया और बदरवास टीम के द्वारा 10 ओवर के फाइनल मैच में 180 रन बनाए गए। जिसमे बदरवास के गौरव भार्गव के द्वारा 32 बॉल में 106 बनाए गए और बदरवास टीम के द्वारा नई सराय टीम के आगे 181 रन का लक्ष्य रखा गया। जिसमे नई सराय टीम महज 94 रन पर सिमट कर रह गई और बदरवास टीम 84 रन से जीत गई और बदरवास टीम विजेता और और उपविजेता नई सराय टीम रही सरपंच कप क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रथम इनाम सरपंच प्रतिनिधि रामेंद्र रघुवंशी के द्वारा विजेता टीम को 31000 इकत्तिस हजार रुपए नगद और उपविजेता टीम को 15000 हजार रुपए और कप दिया गया।

## विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया

# न्यायाधीश ने जेल का किया निरीक्षण



**अशोकनगर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को जिला जेल अशोकनगर का औचक निरीक्षण किया गया। साथ ही बंदियों से व्यक्तिगत रूप से साक्षात्कार किया गया। उक्त निरीक्षण कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महेन्द्रपाल सिंह, न्यायाधीश , सतेन्दर पानू एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटेल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर, लीगल एड डिफेंस काउंसिल से असिस्टेंट हिमांशु पाराशर एवं अभिषेक सिंह यादव एवं एस.ए. सिद्दीकी, जेलर अशोकनगर उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश पवन कुमार शर्मा द्वारा सभी बेरिकों का निरीक्षण किया गया। साथ ही उन्होंने पैन इंडिया कैंपेन के अंतर्गत किशोर बंदियों की पहचान कर उन्हें विधिक सहायता देने संबंधी अभियान की शुरूआत की। निरूद्व बंदियों से उनके अधिवक्ता के संबंध में जानकारी ली गई तथा जिन बंदियों के अधिवक्ता नहीं थे, उन्हें विधिक सहायता से तत्काल अधिवक्ता नियुक्त किये गये तथा जिन बंदियों को अपने अधिवक्ता, प्रकरण की स्थिति पता न होने से, उनके प्रकरणों के संबंध में संबंधित न्यायालय से जानकारी तलब कर बंदियों को दी गई। साथ ही बंदियों से भोजन एवं स्वास्थ्य संबंधी चैकअप समस्या के संबंध में जानकारी ली गई। साथ ही महिला बेरक में बंदी महिलाओं एवं उनके साथ रह रहे बच्चों के स्वास्थ्य, भोजन, आवास, मनोरंजन एवं शिक्षा के संबंध में जानकारी ली जाकर व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने हेतु जेलर को निर्देशित किया। इसके साथ ही विधिक सहायता, विधिक सलाह, बंदियों के अधिकार एवं प्लीबार्गेनिंग योजना के संबंध में बंदियों को जानकारी दी। बंदी जेल से ही विधिक सहायता से वकील निःशुल्क ले सकते हैं।

### उत्कृष्ट विद्यालय में जूनियर ने सीनियर को दी विदाई

**अशोकनगर।** अशोकनगर के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 12 कक्षा के विधार्थी को 11वी कक्षा के जूनियर छात्रों ने विदाई पार्टी का आयोजक किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्या बी के बामोरिया ने बच्चों को शुभकामनाओं के साथ जीवन में बेहतर इंसान बनने की सलाह दी 11वी कक्षा के छात्र सेवेंदर यादव और शिशुपाल ने भी सीनियर छात्रों की विदाई पर अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का संचालन कर रहे शिक्षक हेमंत दुबे ने भी बच्चों को आगामी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने की बात करते हुए बताया कि आप विद्यालय से महाविद्यालय की ओर प्रस्थान करने को हैं जो यह रास्ता जीवन में बदलाब और सफलता का रास्ता बन सकता है। शिक्षक तारा सिंह यादव सोनेश सेठी मुन्ना लाल अहिरवार सीमा जैन सविता राजपूत हरिदास बैरागी ज्योति राजपूत ज्योति श्रीवास्तव राजेश लहरी आदि शिक्षकों ने भी बच्चों को शुभकामना दीं कार्यक्रम में बच्चों ने नृत्य, गीत, कविता, चुटकुले की प्रस्तुति के साथ गेम भी खेले।

## 32 मरीजों को ऑपरेशन के लिए किया चयन

# राम दरबार की पूजा कर नेत्र परीक्षण व मोतियाबिंद शिविर का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

लायंस नेत्र चिकित्सालय के तत्वाधान में रघुवंशी युवा संघ अशोकनगर एवं सेवा भारती के सहयोग से स्थानीय रघुवंशी धर्मशाला निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद चयन शिविर का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ श्री राम दरबार की पूजन अर्चना एवं श्री राम स्तुति से किया गया उसके उपरांत डॉक्टर्स की टीम को स्वागत सत्कार किया गया।

इसके उपरांत कैंप का शुभारंभ किया गया जिसमें अशोकनगर क्षेत्र के दूरदराज से कई मरीज आए। इस निशुल्क नेत्र शिविर में 141 मरीजों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया जिसमें नेत्र संबंधित समस्याओं से ग्रसित थे उनको डॉक्टरों की टीम द्वारा निशुल्क परामर्श एवं नेत्र चिकित्सा लाभ प्रदान किया गया। साथ ही इन मरीजों में से मोतियाबिंद के 42 मरीजों को डॉक्टरों की टीम द्वारा मोतियाबिंद लक्षणों से ग्रसित पाया गया और 32 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए लायंस नेत्र चिकित्सालय गुना की ओर रवाना किया गया। 10 मरीज



ऐसे थे जो हाई ब्लड प्रेशर एवं शुगर के कारण ऑपरेशन के लिए नहीं जा सके जिन्हे आगामी कैंप में ऑपरेशन हेतु भेजा जाएगा चयनित 32 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए बस द्वारा लायंस नेत्र चिकित्सालय गुना रवाना किया गया जिनका मोतियाबिंद ऑपरेशन किया जाएगा।इस कैंप के आयोजन के दौरान रघुवंशी युवा संघ के संजय रघुवंशी खैजरा, धर्मेंद्र रघुवंशी खेजरा, राजकुमार रघुवंशी, भंवरसिंह रघुवंशी, विकास रघुवंशी, महेन्द्र रघुवंशी, कोषाध्यक्ष जितेंद्र रघुवंशी, सचिव रंगेश रघुवंशी बमुरिया, मोहित रघुवंशी, विजय रघुवंशी, सुरेन्द्र रघुवंशी आदि रघुवंशी युवा संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

## कॉलेज चलो अभियान...

# ईसागढ़ कॉलेज में ऑनलाइन दिया जाएगा बच्चों को प्रवेश



**ईसागढ़।** मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के माध्यम से कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत कक्षा 12 वीं के छात्रायों को शासकीय कन्या उ मा विद्यालय ईसागढ़ में कॉलेज चलो अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. जवाहर टैगोर ने बताया कि कॉलेज में ई- प्रवेश ऑनलाइन के माध्यम से होगा। उन्होने बताया कि जिसमें आपकी पर्शनल जानकारी साबधानी से भरना है जिसमें माता पिता का नाम , पता,स्वम का मोबाइल नंबर, जन्मदिनांक ,समग्र आई डी, पासबुक,आधार कार्ड, ईमेल पक आदि और कॉलेज में संचलित योजनाओं जैसे छात्रवृतियों में गॉव की बेटी,एकीकृत, मेधावी, पोस्ट मेट्रिक छात्रवृति (पी एम एस,) एस. सी. और एस. टी. के विद्यार्थीयों को आवास योजना अन्य छात्रवृति भी मिलती है और एन.एस.एस. से विद्यार्थी सामाज सेवा सीखता है, तथा कॉलेज में पुस्तकालयभी हैजिस से विद्यार्थीयों को पुस्तक दी जाती है , तथा नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थी अब अन्य विषय भी पढ़ सकता है (ग्रेजुएशन )की उपाधि अब चार वर्ष कि हो गयी है जिसमें मेजर (मुख्य) , गोण विषय (माइनर), ओपन विषय, वोकेशनल यानी व्यसाययिक विषय दिए जाते है आदि की जानकारी दी गई। डॉ. आशीष कुमार सिंह स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रभारी ने बताया कि महाविद्यालय में कॅरियर मार्गदर्शन योजना भी चलती है। उसमें विद्यार्थी को रोजगार के बारे में बताया जाता है युवा उत्सव जैसे कार्यक्रम भी होते है जिसमें रंगोली, पोस्टर, भाषण आदि प्रतियोगितायें होती है।

# राजपुर के साथ ग्रामीण अंचलों में भी धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

## स्कूल परिसर में फहराया गया ध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजपुर

राजपुर एवं आसपास के ग्रामीण अंचलो में गणतंत्र दिवस का पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस मौके पर राजपुर मे प्रभात फेरी का आयोजन हुआ जो ग्राम के कई मार्गो से निकली। स्कूल परिसर मे ध्वज फहराया गया और राष्ट्रगान का आयोजन हुआ।

आयुर्वेदिक औषधालय में भैयालाल सोनी ने झंडा फहराया इस मौके पर डा अनिल यादव डा लक्ष्मी नारायण शिवहरे मौजूद थे। पंचायत भवन पर सरपंच नूरजहां बानो ने झंडा फहराया। उ मा विधालय हायर सेकेण्डी स्कूल में भी नूरजहां वानो ने झंडा फहराया। इस मौके पर जनपद सदस्य प्रतिनिधि विवेक जैन एवं बडी संख्या में ग्रामीण लोग मौजूद थे। राजपुर पुलिस चैकी में रामदयाल नंदा द्वारा झंडा वंदन किया गया। ज्योति ज्ञान मंदिर में राजीव शर्मा द्वारा झंडा वंदन किया गया यहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से अशोकनगर नगर पालिका



अध्यक्ष नीरज मनोरिया, पप्पू यादव गोरेलाल कुशवाहा, विवेक जैन, चैकी प्रभारी राजू यादव डॉक्टर धर्मवीर दुवे, गजेंद्र सिंह यादव, दीपक कलेसिया, नीरज शर्मा सभी अतिथियों का राजीव शर्मा द्वारा स्वागत किया गया। छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पीएम श्री हाई स्कूल छीपोन में आयशा बानों द्वारा झंडा वंदन किया गया। इस मौके पर प्राचार्य कृष्ण भान यादव सरपंच प्रतिनिधि इकबाल खान एवं बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि शामिल हुए। ग्राम आमखेड़ा में सरपंच गोरेलाल कुशवाहा द्वारा झंडा वंदन किया गया। सेमरा बामोरा पंचायत में सरपंच परमार सिंह यादव द्वारा झंडा वंदन किया गया। ग्राम पंचायत बामोरा में सरपंच लक्ष्मी सेन द्वारा झंडा वंदन किया गया। राजपुर उचित मूल की दुकान पर दुकान संचालक गोरेलाल सेन द्वारा झंडा वंदन किया गया।

## कुर्सी पड़ी रही खाली

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में गिनाई सरकार की योजनाएं



**नईसराय।** विकसित भारत संकल्प यात्रा 26 जनवरी को दोपहर दो बजे नई सराय पहुंची जहा पर शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया गया जहा पर रथ पर लगी स्क्रीन के माध्यम से केंद्र सरकार के द्वार चलाई जा रही योजनाओं के जानकारी दी गई वही संकल्प यात्रा में राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग, पीएचई विभाग कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग आदि के विभागो के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा आम जन की समस्या सुनने एवं आवेदन लेने के लिए स्टॉल लगाए गए थे लेकिन तहसील मुख्यालय पर विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में एक भी आवेदन नहीं आया क्योंकि संकल्प यात्रा में आम लोगो की मौजूदगी न के बराबर रही और कुर्सियां खाली पड़ी रही कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भाजपा सरकार की योजनाओं की जानकारी देते रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा में पूर्व जनपद अध्यक्ष अनूप सिंह रघुवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामेंद्र रघुवंशी, मंडल महामंत्री मुनेश रघुवंशी, श्याम सिंह रघुवंशी, रघुवीर प्रसाद सेन, चंद्रभान सिंह यादव, हरिचरण चतुर्वेदी, सहित अन्य कार्यकर्ता मंच पर मौजूद रहे।